# उत्तराखंड में 18 स्थानों के नाम बदले गए

## चर्चा में क्यों?

**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने** हरिद्वार, **देहरादून,** नैनीताल और उधम सिंह नगर ज़िलों में स्थित **18 स्थानों के नाम बदलने की** घोषणा की।

## मुख्य बिंदु

- **नाम परिवर्तन के पीछे उद्देश्य:**
  - मुख्यमंत्री ने कहा कि नाम बदलने की पहल का **उद्देश्य जनभावना का सम्मान करना तथा भारतीय संस्कृति और विरासत को संरक्षित करना है।**
  - उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि नए नाम भारतीय संस्कृति में योगदान देने वाले **महान व्यक्तियों को सम्मानित करके लोगों को प्रेरित करेंगे।**
- **पुनः नामित स्थान:**
  - **हरिद्वार ज़िले में:**
    - औरंगज़ेबपुर (भगवानपुर ब्लॉक) → शिवाजी नगर
    - गाज़ीवाली (बहादराबाद ब्लॉक) → आर्य नगर
    - चाँदपुर (बहादराबाद ब्लॉक) → ज्योतिबा फुले नगर
    - मोहम्मदपुर जाट (नारसन ब्लॉक) → मोहनपुर जाट
    - खानपुर कुरसाली (नारसन ब्लॉक) → अंबेडकर नगर
    - इदरिसिपुर (खानपुर ब्लॉक) → नंदपुर
    - खानपुर (खानपुर ब्लॉक) → श्री कृष्णपुर
    - अकबरपुर फज़लपुर (रुड़की) → विजय नगर
  - **देहरादून में:**
    - मियाँवाला → रामजीवाला
    - पीरवाला → केसरी नगर
    - चाँदपुर खुर्द → पृथ्वीराज नगर
    - अब्दुलपुर → दक्ष नगर
  - **नैनीताल में:**
    - नवाबी रोड → अटल मार्ग
    - पनचक्की से IIT रोड → गुरु गोवलकर मार्ग
  - **उधम सिंह नगर में:**
    - **सुल्तानपुर पट्टी नगर पंचायत → कौशल्यापुरी**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-remains-18-places